पच्चीसवाँ पाठ

# जयपुर से पत्र



**शिक्षण बिंदु**

हम गए हैं / हमने देखा

पता ......................................

..........................जयपुर

तारीख ..........................

पूज्य पिता जी,

सादर प्रणाम! परसों रात को हम सकुशल जयपुर पहुँच गए। हमारी यात्रा बहुत अच्छी रही। अध्यापकों ने हमारा बहुत ध्यान रखा। यहाँ मौसम अच्छा है।

कल सुबह जलपान करके हम सब लोग जयपुर की सैर के लिए निकले। सबसे पहले हमने हवामहल देखा। हवामहल के पास ही जंतर-मंतर है। इस वेधशाला का निर्माण राजा जयसिंह ने किया था। हमने घूम-घूमकर जंतर-मंतर देखा। इसके बाद हम रामनिवास बाग गए। यहाँ एक अच्छा कला-संग्रहालय है यह दर्शनीय है। संग्रहालय में जयपुर के राजा महाराजाओं के कपड़े, अस्त्र-शस्त्र और उनके चित्र रखे हुए हैं।

जयपुर से लगभग चौदह किलोमीटर की दूरी पर आमेर का किला है। यह बहुत पुराना और बड़ा किला है। आमेर में शीशमहल देखने योग्य है। शीशमहल के पास ही देवी का मंदिर है। मंदिर में दर्शन करने के बाद हम शहर वापस आए। रात को हमने राजस्थान के लोकनृत्य देखे।


फिर राजस्थान का विशेष व्यंजन दाल-बाटीचूरमा खाया। आज दोपहर बाद हम झीलों के शहर उदयपुर जाएँगे। अगला पत्र उदयपुर से लिखूँगा ।

माता जी को मेरा प्रणाम और लता बहन को बहुत प्यार।

**आपका पुत्र**

**अमर**

© NCERT not to be republished




## अभ्यास

### 1. पढ़ो और सुनो

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| यात्रा | दाल–बाटी | वेधशाला | गोशाला | राजा–महाराजा |
| देखने योग्य | दर्शनीय | चूरमा | लोकनृत्य | जंतर–मंतर |
| आमेर का किला | घूम–घूमकर | निर्माण | नाश्ता | संग्रहालय |
| शीशमहल | झीलों का शहर | मौसम | व्यंजन | अस्त्र–शस्त्र |
| राजस्थान | रामनिवास बाग | | | |

### 2. पढो और समझो

| | | | |
|---|---|---|---|
| सादर | – आदर के साथ | पहले | – बाद में |
| सकुशल | – ठीक तरह से, ठीकठाक | बहुत | – कम |
| ध्यान रखना | – खयाल रखना | पुराना | – नया |
| दर्शनीय | – देखने योग्य | शहर | – गाँव |
| निर्माण करना | – बनाना | व्यंजन | – पकवान |
| वापस आना | – लौटना | | |

© NCERT not to be republished

प्रणाम : पिता जी को प्रणाम।
गुरू जी को प्रणाम।
माता जी को प्रणाम।

नमस्कार : चाचा जी को नमस्कार।
भैया को नमस्कार।

प्यार : छोटे–भाई–बहनों को प्यार ।

### 3. समान अर्थवाले शब्दों को रेखा खींचकर मिलाओ

| | |
|---|---|
| ध्यान रखना | देखने योग्य |
| संग्रहालय | ठीकठाक |
| दर्शनीय | पकवान |
| व्यंजन | खयाल रखना |
| सकुशल | म्यूज़ियम |

### 4. तालिका के प्रत्येक भाग से शब्द लेकर वाक्य बनाओ

| | | |
|---|---|---|
| पीटर | मुंबई | गया है । |
| मोहन | चेन्नै | गई है । |
| बच्चे | पुणे | गए हैं । |
| पिता जी | | |
| नीतू | | गई हैं । |
| रमा | | |
| लड़की | | |
| लड़कियाँ | | |
| माता जी | | |

© NCERT not to be republished

## 5. तालिका के प्रत्येक भाग से शब्द चुनकर वाक्य बनाओ

(क)

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैंने | चेन्नै में | अजायबघर | देखा |
| हमने | सिनेमा | | देखा |
| तुमने | हैदराबाद में | किला | देखा |
| आपने | | समुद्र तट | |
| उसने | केरल में | | |
| शीला ने | | | |
| मोहन ने | | | |

(ख)

| | | |
|---|---|---|
| आज मैं (पु.) | पेंसिल | नहीं लाया हूँ। |
| आज मैं (स्त्री) | किताब | |
| | कापी | नहीं लाई हूँ। |
| | रूमाल | |

## 6. नमूने के अनुसार वाक्य बदलो

**नमूना**



हम रोज़ बाज़ार जाते हैं।

हम कल बाज़ार गए।

1. बच्चे रोज़ बाजार जाते हैं। ........................................
2. शीला रोज़ नौ बजे सोती है। ........................................
3. सुरेश रोज़ सुबह पाँच बजे उठता है। ........................................
4. वह रोज़ टहलने जाता है। ........................................

© NCERT not to be republished

### 7. प्रश्नों के उत्तर दो

1. यह पत्र कहाँ से आया है?
2. जयपुर में कौन-कौन से दर्शनीय स्थल हैं?
3. महेश ने आमेर में क्या-क्या देखा?
4. जयपुर की वेधशाला का निर्माण किसने किया?
5. कला संग्रह में क्या-क्या रखा हुआ है?
6. राजस्थान का विशेष व्यंजन क्या है?

## योग्यता विस्तार

- विद्यार्थी अपने किसी मित्र/रिश्तेदार को **बड़े दिन या दशहरे** की छुट्टियों में आने का निमंत्रण देते हुए पत्र लिखें और लिफ़ाफ़ा तैयार करें।

© NCERT not to be republished

